पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल के समक्ष लखनऊ विश्वविद्यालय एवं पं0 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर का नैक मूल्यांकन हेतु प्रस्तुतीकरण

नैक के मानकों के अनुरूप विश्वविद्यालय के मूल्यांकन को शत्–प्रतिशत बनायें– श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 9 अगस्त, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में नैक मूल्यांकन हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा पं0 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर का प्रस्तुतीकरण देखा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जिन मानकों में पिछड़ रहे हैं, उनके लिए और अधिक प्रयास करें तथा नैक मानकों के अनुरूप अपने विश्वविद्यालय के मूल्यांकन को शत्–प्रतिशत बनाने का प्रयास करें। राज्यपाल जी ने प्रस्तुतीकरण के दौरान कई ऐसे छोटे–छोटे बिन्दुओं पर ध्यान आकर्षित कराया, जहां विश्वविद्यालय अपने प्रयासों से स्तर में सुधार लाकर मूल्यांकन में वृद्धि कर सकते हैं।

राज्यपाल जी के समक्ष आज लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने तीसरे नैक मूल्यांकन तथा पं0 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने प्रथम नैक मूल्यांकन हेतु तैयारियों का प्रस्तुतीकरण दिया। ज्ञात हो कि नैक द्वारा विश्वविद्यालयों के स्तर का मूल्यांकन 75 प्रतिशत डेटा आधारित तथा 25 प्रतिशत विजिट आधारित होता है। इसके लिए समग्र मूल्यांकन की सात श्रेणियां निर्धारित हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने गत नैक मूल्यांकन में B श्रेणी प्राप्त की थी। राज्यपाल महोदया ने विश्वविद्यालयों को अपनी श्रेणी में सुधार कर A++ श्रेणी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

गौरतलब है कि विश्वविद्यालय की 'नैक श्रेणी' में सुधार होने पर केन्द्र सरकार से योजनाओं के लिए अधिक फण्ड तथा छात्रों के लिए सुविधाओं में विस्तार प्राप्त हो जाता है। कुलाधिपति ने विश्वविद्यालयों को अपनी गतिविधियों को अधिकतम आनलाइन रखने, पुराने

डेटा के संकलन को दुरूस्त करने, विद्यार्थियों से तालमेल बेहतर रखने, नवाचार बढ़ाने सम्बन्धी निर्देश दिए। उन्होंने कहा नैक के समक्ष डेटा प्रस्तुतीकरण तथा उसकी टीम के भ्रमण से पूर्व विश्वविद्यालय में सभी आवश्यक परिवर्तन कर लिये जाएं।

पं0 मदन मोहन मालवीय प्रौद्यागिकी विश्वविद्यालय के प्रस्तुतीकरण के दौरान राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि वे प्रस्तुतीकरण को नैक प्रस्तुतीकरण के अनुरूप बनायें तथा अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों के नैक मूल्यांकन के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन कर सभी आवश्यक सुधार लाएं। प्रस्तुतीकरण के उपरान्त पं0 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति तथा अन्य सदस्यों ने राज्यपाल जी को विद्यार्थियों द्वारा बनायी गयी कलाकृतियां तथा साहित्यिक रचनाओं पर आधारित पुस्तक एवं विश्वविद्यालय की ओर से राज्यपाल की फोटो पर आधारित स्केच चित्र भी भेंट किया।

नैक प्रस्तुतीकरण की बैठक में विशेष कार्याधिकारी (शिक्षा) डा0 पंकज जॉनी, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 आलोक कुमार राय, प्रो0 राजीव मनोहर, निदेशक आई0क्यू0ए0सी0 प्रो0 अजय प्रकाश, डा0 गीतांजलि एवं डा0 नागेन्द्र मौर्या थे, जबकि पं0 मदन मोहन मालवीय प्रौद्यागिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय, प्रो0 ब्रजेश कुमार, प्रो0 गोविन्द पाण्डेय एवं डा0 विट्‌ठुल गोले उपस्थित थे।

——————

राजभवन (09/06)

राजभवन उत्तर प्रदेश

राजभवन उत्तर

राजभवन उत्तर प्रदेश